एसीबी ने सहायक प्रबंधक को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

जयपुर 6 नवंबर 2019। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जयपुर (एसीबी) जयपुर देहात की टीम ने बुधवार को ट्रैप कार्यवाही करते हुए राजस्थान फाइनेंस कॉरपोरेशन सीतापुरा जयपुर में कार्यरत सहायक प्रबंधक बजरंग लाल को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिदेशक श्री आलोक त्रिपाठी ने बताया कि परिवादी ने एसीबी में यह शिकायत दी की उसने राजस्थान फाइनेंस कॉरपोरेशन सीतापुरा जयपुर में अपनी नए व्यवसाय (फैक्ट्री लगाने) के लिए 1.75 करोड़ रुपए ऋण राशि के लिए आवेदन किया था।जिसे पास करने की एवज में सहायक प्रबंधक बजरंग लाल 50 हजार रुपए की रिश्वत की राशि की मांग कर रहा है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,जयपुर देहात श्री नरोत्तम वर्मा के नेतृत्व में उक्त मांग का सत्यापन करवाकर आज कार्यवाही करते हुए सहायक प्रबंधक बजरंगलाल को परिवादी के ऋण स्वीकृत कर चेक जारी करने की एवज में 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया एवं अग्रिम कार्यवाही जारी है।

उल्लेखनीय है कि परिवादी के कुल ऋण राशि 1.75 करोड़ रुपए के लिए आवेदन किया था जिसमें आज प्रथम किस्त के रूप में 62 लाख रुपए का लोन स्वीकृत कर चेक जारी किया गया था